(डॉ. जे.पी. सिंह)
वनस्पति संरक्षण सलाहकार

अपील

प्रिय साथियो !

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

किसी भी संप्रभुता सम्पन्न राष्ट्र में जो महत्व राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न का होता है वही महत्व उस राष्ट्र की राजभाषा का होता है। भारत के संविधान निर्माताओं ने देश के सबसे बड़े भू-भाग में बोली, लिखी और समझी जाने वाली हिन्दी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी शुभ अवसर की याद में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर का दिन ''हिन्दी दिवस'' के रूप में मनाया जाता है।

आधुनिक दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी ने भाषाओं को अधिक क्षमतावान बना दिया है जिससे तकनीकी ज्ञान और हिंदी को एक मंच पर लाना संभव हो पाया है। अनेक हिन्दी ई-टूल्स के माध्यम से कंप्यूटरों पर हिन्दी में कार्य करना अत्यंत सरल हो गया है। अतः सभी साथियों से अनुरोध है कि वे कंप्यूटर पर अपना अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करें।

हमारा निदेशालय मूलतः किसानों के लिए कार्य करता है। अतः कार्यालय का कामकाज ऐसी भाषा में होना चाहिए जिससे किसानों से सीधा संवाद स्थापित हो सके और ऐसी भाषा हिन्दी ही हो सकती है। अतः यह आवश्यक है कि हम अपना सम्पूर्ण कार्य राजभाषा में करें जिससे सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी एवं नवीन प्रौद्योगिकी का लाभ कृषक समाज को मिल सके। हिंदी भाषा में कार्य को सुगम बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आसानी से समझ आने वाले सरल शब्दों का प्रयोग किया जाए।

राजभाषा विभाग के निदेशानुसार इस वर्ष भी निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक 14.09.2024 से 28.09.2024 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुझे आशा है कि निदेशालय (मुख्यालय) के अधिकारी और कर्मचारी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर इन प्रतियोगिताओं को सफ़ल बनाने में अपना सक्रिय योगदान देंगे। निदेशालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय भी अपने-अपने कार्यालयों में हिन्दी दिवस तथा निर्धारित किए गए नियमों के अनुसार हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन करें।

मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि निदेशालय (मुख्यालय) एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग में उतरोत्तर वृद्धि हुई है । पिछले वर्ष माननीय संसदीय राजभाषा समिति ने हमारे 11 अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जिसे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। मैं, हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों और विशेष रूप से वरिष्ठ अधिकारियों से अपील करता हूँ कि वे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सुप्रयास करें जिससे हमारी राजभाषा की प्रगति होगी जो देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने में सहायक होगी ।

जय हिन्द !

जे.पी.सिंह

दिनांक: 14 सितम्बर, 2024

(डॉ. जे.पी. सिंह)